महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन–456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं. 17-3/2019 (प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 27.08.2021

कार्यालय आदेश - 1057

विषय : वेदभूषण -1-5 वर्ष एवं वेदविभूषण – I वर्ष छात्रों के परीक्षा परिणाम एवं कक्षान्नोति के संबंध में ।

प्रतिष्ठान से संबंद्ध समस्त वेदपाठशाला अध्यापक एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिष्ठान द्वारा वर्ष 2020-21 में वेदभूषण 2-5 एवं वेदविभूषण 2 वर्ष प्रवेश के समय यह सुनिश्चित कर लें कि :-

(1) वेदभूषण 2-5 वर्ष में प्रवेश के पूर्व, छात्र का पूर्व वर्ष की वेद परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

(2) वेदविभूषण 1 वर्ष में प्रवेश पूर्व वेदभूषण के प्रथम से पंचम वर्ष तक समस्त विषयों में (वेद एवं आधुनिक) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

(3) वेदविभूषण 2 वर्ष में प्रवेश पूर्व वेदविभूषण 1 वर्ष में वेद एवं आधुनिक विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

समस्त वेदपाठशाला अध्यापक एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापक अपने अधीन अध्ययनरत छात्रों का पूर्व वर्षों का परीक्षा परिणाम सही से जांच लें एवं यदि अपने अधीन में कोई प्रोन्नत छात्र है एवं वेद अध्ययन हेतु निरन्तर संपर्क में हैं उस छात्र का मूल्यांकन प्रपत्र दिनांक 5 सितम्बर, 2021 से पूर्व प्रतिष्ठान को ईमेल एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करें । इस हेतु अपने राज्य के डीलिंग असिस्टेंट से तुरन्त संपर्क करें ।

यदि पाठशाला/ इकाई द्वारा त्रुटिपूर्ण रूप से पूर्व कक्षा के वेद में अनुत्तीर्ण छात्र को अगली कक्षा में प्रवेश दिया गया हो, उस स्थिति में उस छात्र को सत्र 2021-22 में अगली कक्षा की परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी एवं उस छात्र को सत्र 2021-22 में छात्रवृत्ति जारी नहीं की जाएगी ।

परीक्षा विभाग के श्री विपिन उपाध्याय अंकसूची तैयार करते समय ध्यान रखें कि यदि छात्र पूर्व वर्ष की परीक्षा में वेद एवं आधुनिक विषयों में से किसी एक भी विषय में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित/ प्रोन्नत हैं, तो अगले वर्ष की अंकसूची में पिछले वर्ष के अनुत्तीर्ण/प्रोन्नत विषय के लिए NCL (Not Cleared Lower Exam) अंकित करें ।

समस्त डीलिंग असिस्टेंट प्रोन्नत/ अनुत्तीर्ण / अनुपस्थित छात्रों की स्थिति को जांच कर कार्य करें एवं अनुदान हेतु नियमानुसार प्रवेशित छात्रों को ही छात्रवृत्ति की गणना करें ।

27/8/2021

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सचिव के निजी सचिव, मसारावेविप्र

(2) समस्त वेदपाठशाला / गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।

(3) श्री अभय कुमार पाण्डेय ,श्री रामकेश गुर्जर ,श्री रोशन पाठक
श्री अर्पित पुरोहित, श्री आनन्द शर्मा, श्री विपिन उपाध्याय

(4) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in